छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार | by Mukesh Bagda

मरते दम नहीं अगले जनम तक
अगले जनम नहीं सात जनम तक
सात जनम नहीं जनम जनम तक
छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा मरते दम तक

निर्धन को धनवान बनाये ऐसी है तेरी माया बाबा
खेल तेरी शक्ति का जग में कोई समझ ना पाया बाबा
दु:ख के अँधेरे दूर भगाये
आस का दीपक मन में जलाये
नाम जपें तेरा सांस है जब तक
छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा मरते दम तक

खाटू में प्रभु आप बिराजे सब पर हुकुम चलावे बाबा
भक्तों की लाज बचाने बाबा पल भर में आ जावे बाबा
निर्बल को तुम देते सहारा
सबसे प्यारा श्याम हमारा
इस धरती से उस अम्बर तक
छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा मरते दम तक

महाभारत में आपने कृष्ण को शीश का दान दिया है बाबा
खुश होकर के आपको कृष्ण ने ये वरदान दिया है बाबा
नील गगन में चाँद और तारे
रवि की किरणे आरती उतारें
पूजा हो तेरी दुनिया है जब तक
छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा मरते दम तक

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9b%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-m/